भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.10.2025

आरेडिका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 की आज दिनांक 27.10.2025 को शुरूआत की गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक सभागार में सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने--अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की।

इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राजपुरोहित, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य संयंत्र अभियन्ता आनन्द प्रकाश सोनी, मुख्य अभिकल्प अभियंता कुलदीप सिंह, मुख्य विद्युत अभिकल्प अभियंता विजय, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण की।

इसी कड़ी में आरेडिका के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स, बैनरों तथा प्रवेश द्वारों पर पेम्पलेट वितरण कर सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों को सर्तकता के प्रति जागरुक किया गया।

आगे इसी क्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 की थीम ''सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी'' के तहत दिनांक–29.10.2025 को गणेश इण्टर कॉलेज ऐहार एवं केन्द्रीय विद्यालय आरेडिका में सतर्कता शपथ, व्याख्यान, निबंध लेखन, कार्टून–पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दिनांक–30.10.2025 को मैराथन दौड़, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, भ्रष्टाचार के विरुध लड़ाई में लोकपाल की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

27/10/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी